कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्र./5552/न.पा.नि./PMAY-HFA/2023 रायपुर, दिनांक 31/05/2023

//दावा–आपत्ति आमंत्रण सूचना//

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में **"मोर मकान–मोर आस"** योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 02/2022 दिनांक 16.12.2022 जारी कर कुल 02 स्थलो के लिए 176 मकानो का ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें परियोजना 1015 के लाभाण्डी 232 के रिक्त 150 नग आवासों के विरूद्ध अंतिम रूप से पात्र पाये गये आवेदको को राशि जमा कर आवास आबंटन हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसके अंतर्गत 02 चरणो में कुल 116 मकान आबंटित किये गये है। आबंटन उपरांत शेष मकानो का आबंटन अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 8–4/2020/18 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 12.09.2022 के अनुसार किया जाना है।

परियोजना 1015 के लाभाण्डी–232 में विज्ञापित कुल 150 आवासों के विरूद्ध प्राप्त कुल 348 आवेदनो में से पात्र 209 आवेदको को पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने के उपरांत मात्र 116 मकान आबंटन हुये है। आबंटन उपरांत शेष मकानो को इसी परियोजना हेतु प्राप्त अपात्र 139 आवेदको को पुनः द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए मूल निवासी प्रमाण पत्र से छूट प्रदान किया जाना है।

अतः उक्त समस्त अपात्र 139 आवेदको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रायपुर के तृतीय तल में स्थित कक्ष क्र. 402 में दिनांक **01/06/2023 से 09/06/2023** तक आवश्यक साक्ष्य दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह आम सूचना पत्र ऑनलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in के "शीर्षक" "मोर मकान–मोर आस आवेदन" एवं नगर निगम रायपुर के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु प्रकाशित की जा रही है।

नोडल अधिकारी
(PMAY-HFA)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)